भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 631

जिसका उत्तर 25 जुलाई, 2024 को दिया जाना है।

.....

सोमासिला में पुल सह बैराज

631. डॉ. बायरेड्डी शबरी:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास नंद्याल लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सोमासिला और सिद्धेश्वरम में पुल सह बैराज के निर्माण से स्थानीय समुदाय को होने वाले अपेक्षित लाभों के बारे में कोई डेटा है, जिसमें परिवहन, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण में संभावित सुधार शामिल हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाए जा रहे हैं कि प्रस्तावित पुल सह बैराज में परिवहन और जल प्रबंधन दोनों आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अत्याधुनिक डिजाइन और बुनियादी अवसंरचना होगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या प्रस्तावित पुल सह बैराज के लिए नवीन और टिकाऊ डिजाइन प्रचलनों को सुनिश्चित करने के लिए अभियांत्रिकी और वास्तुशिल्प संस्थानों के साथ सहयोग करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यह सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों और उन उपायों पर विचार किया जा रहा है, का ब्यौरा क्या है कि पुल सह बैराज के निर्माण और संचालन से स्थानीय पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा और सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री राज भूषण चौधरी)

(क) से (घ): जल राज्य का विषय है, और इसी कारण बैराजों सहित सिंचाई परियोजनाओं को तैयार करना, इनका कार्यान्वयन और वित्तपोषण संबंधी अधिकार संबंधित राज्य सरकार के क्षेत्राधिकार में आता है। हालांकि, भारत सरकार द्वारा अपनी चल रही योजनाओं के अंतर्गत चिह्नित सिंचाई परियोजनाओं को आंशिक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, सोमासिला और सिद्धेश्वरम में पुल सह बैराज के निर्माण का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****